यूपी-ऑस्ट्रिया के बीच रक्षा क्षेत्र में होगा सहयोग

स्वच्छ ऊर्जा, जल प्रबंधन, विनिर्माण में भी साझेदारी की संभावनाएं

लखनऊ। प्रदेश में निवेश व औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी के दिल्ली स्थित एसआईपीओ ने एडवांटेज ऑस्ट्रिया और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेस इन इंडिया, नई दिल्ली के सहयोग से ऑस्ट्रिया-यूपी निवेश राउंडटेबल का आयोजन किया। इसमें ऑस्ट्रियाई प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इसका नेतृत्व ऑस्ट्रियाई दूतावास के वाणिज्यिक सलाहकार एवं ट्रेड कमिश्नर हंस-यॉर्ग हॉर्टनागल ने किया।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक परिवेश, निवेश नीतियों, बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर चर्चा हुई। विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, आधारभूत ढांचे, जल प्रबंधन और शिक्षा में सहयोग की संभावनाएं तलाशी गईं।

इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी गजल भारद्वाज ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रिया के दशकों पुराने संबंध और बढ़ता व्यापारिक सहयोग नई साझेदारियों का आधार हैं। उन्होंने ऑस्ट्रियाई कंपनियों को यूपी बड़े उपभोक्ता बाजार के साथ रणनीतिक विनिर्माण व निवेश केंद्र के रूप में देखने का आमंत्रण दिया। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स और जेवर एयरपोर्ट की उपयोगिता भी बताई। निवेशकों को भूमि आवंटन, स्वीकृतियों और विभागीय समन्वय सहित हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिया। ब्यूरो

- हॉर्टनागल ने वियना यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ छात्र विनिमय, शैक्षणिक सहयोग, रक्षा विनिर्माण और जल उपचार परियोजनाओं में साझेदारी की संभावनाएं जताईं। उन्होंने आगरा के जल उपचार संयंत्र का उल्लेख करते हुए प्रदेश में और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल लाने की इच्छा जताई। ऑस्ट्रियाई सेमीकंडक्टर कंपनियों ने भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उपक्रम स्थापित करने में रुचि दिखाई।

एचसीएल में बढ़ा रोजगार : सीएम

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में लखनऊ स्थित एचसीएल टेक में करीब 100 लोग काम करते थे, जबकि अब यह संख्या बढ़कर लगभग 18 हजार हो गई है। पहले निवेशक प्रदेश आने से हिचकते थे, लेकिन अब उद्योगों का विस्तार हो रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के जरिये यूपी रक्षा उत्पादन का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की पहचान कभी कट्टा और बम बनाने से थी, वहां अब ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण हो रहा है। कहा, अब दंगाइयों को संरक्षण नहीं मिलता उन्हें दाग दिया जाता है। बुधवार को एक निजी चैनल के कार्यक्रम में सीएम ने एसआईआर प्रक्रिया पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इसमें सहयोग करेंगे। ब्यूरो